# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 07.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, जनसंदेश टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण दि0 07.09.2024

# मोहनसराय के ट्रांसपोर्ट नगर में 500 गरीबों को मिलेगी छत

## दूसरे चरण में 34 हेक्टेयर जमीन में फ्लैट बनाने की योजना

- वीडीए से मांगे गए 194 करोड़ में से 40 करोड़ प्रशासन को दिया
- कोई विकल्प नहीं होने पर फ्लैट बनाने को शासन से मांगेंगे बजट

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मोहनसराय में बसाए जा रहे ट्रांसपोर्ट नगर योजना वाराणसी विकास प्राधिकरण के ड्रीम प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 500 परिवारों को छत मिलेगा। जिला प्रशासन से अवार्ड (अधिनिर्णय यानी अधिग्रहण का आदेश) घोषित होने पर भूमि अधिग्रहण करने के लिए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने विकास प्राधिकरण से मांगें गए 194 करोड़ रुपये में से 40 करोड़ दे दिया है।

34 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण होने के साथ विकास प्राधिकरण प्रस्तावित योजना डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनने के साथ शासन से बजट मांगेंगे। मोहनसराय में ट्रांसपोर्ट नगर योजना 82 हेक्टेयर जमीन में



फ्लैट के टावर का माडल तैयार • जागरण

प्रस्तावित है। विकास प्राधिकरण 48 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण करने के साथ सीवर, नाली, बिजली और सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस माह के अंत तक टेंडर निकालने के साथ ट्रांसपोर्टरों को प्लाट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। शेष 34 हेक्टेयर जमीन मिलने पर वीडीए दूसरे चरण का काम शुरू करेगा। इसमें ट्रांसपोर्टरों को प्लाट देने के साथ गरीबों के लिए 500 फ्लैट बनाएगा। वीडीए ने डिजाइन तैयार कर लिया है जिससे बाध में कोई बाधा नहीं आए। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग का कहना है कि प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर से होने वाले आय से गरीबों को कम पैसे में छत उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। फिलहाल कोशिश है कि शासन से बजट नहीं मांगना पड़े। कोई विकल्प नहीं मिलने पर फ्लैट बनाने में आने वाले खर्च को मांगा जाएगा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण दि0 07.09.2024

### असि नदी के जीर्णोद्धार को लेकर वीडीए ने किया मंथन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : असि नदी के जीर्णोद्धार को लेकर वाराणसी विकास प्राधिकरण मंथन करने के साथ डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने में संबंधित विभाग को सहयोग करने की अपील की है। रेवेन्यू मैप, सीवर लाइन, वाटर नेटवर्क समेत विभिन्न बिंदुओं में चर्चा की गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि आइआइटी (बीएचयू) असि नदी के जीर्णोद्धार योजना बना रही है। बैठक में वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त राजीव राय, अधिशासी अभियंता नगर निगम, सहायक अभियंता जलकल, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड आदि रहे।

## अमर उजाला–दि0 07.09.2024

### रेवेन्यू मैप से होगा असि नदी का जीर्णोद्धार

वाराणसी। नगर निगम के रेवन्यू मैप (राजस्व नक्शा) के हिसाब से असि नदी का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके लिए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को वीडीए सभागार में समीक्षा की। इसमें विभिन्न विभागों की ओर से डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने में सहायता प्रदान करने पर सहमति जाहिर की गई। रेवेन्यू मैप, सीवर लाइन, वाटर नेटवर्क पर भी चर्चा की गई। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 07.09.2024

### शासन को भेजेंगे जवाहर मार्केट का आरओपी

वाराणसी। वीडीए की ओर से शासन को जवाहर मार्केट का रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरओपी) भेजा जाएगा। इसे इंग्लिशिया लाइन कैंट स्थित जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र (जवाहर मार्केट) को गिराकर बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए तैयार किया गया है। स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर 1982 को जवाहर मार्केट तैयार किया था। भवन 42 वर्ष पुराना होने के साथ कई हिस्से जर्जर हो चुके हैं। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने इसके लिए मातहतों को निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में यहां से अतिक्रमण हटवाने का कार्य तेजी से चल रहा है। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 07.09.2024

# असि नदी का होगा जीर्णोद्धार वीडीए ने किया विचार मंथन



वाराणसी। काशी की असि नदी का जल्द ही जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए वीडीए ने बैठक कर जहां मंथन किया है ,वहीं इस कार्य की तैयारी और व्यवस्था के लिए अधिकारियों के संग विचार - विमर्श भी की है। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राधिकरण सभागार हुई बैठक में अस्सी नदी के जिर्णोद्दार कार्य पर विचार-विमर्श किया गया ,वहीं विभिन्न विभागों ने इस परियोजना के लिए डीपीआर तैयार करने में सहयोग देने पर सहमति भी व्यक्त की। इस दौरान सीवर लाइन, वाटर नेटवर्क सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जहां चर्चा की गई वहीं इसके जिर्णोद्धार का कार्य बीएचयू आई .आई. टी .से कराने और रेवेन्यू मैप

**जल्द तैयार होगी डीपीआर**

**बीएचयू आईआईटी कराएगा कार्य, नगर निगम रेवेन्यू मैप करेगा प्रदान**

तैयार करने का कार्य नगर निगम को सौंपे जाने का निर्णय हुआ। बैठक में वीडीए सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त (नगर निगम) राजीव राय, अधिशासी अभियंता नगर निगम ग्रामीण, सहायक अभियंता जलकल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 07.09.2024

# अस्सी नदी के जीर्णोद्धार को लेकर वीडीए में अन्य विभागों संग हुई बैठक

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राधिकरण सभागार में बैठक की आहूत की गई। इसमें अस्सी नदी के जीर्णोद्धार का कार्य को लेकर मंथन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की ओर से डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने में सहायता प्रदान करने पर सहमति जाहिर की गई। रेवेन्यू मैप, सीवर लाईन, वाटर नेटर्वक सहित आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी। जिसमें आईआईटी (बीएचयू) द्वारा बताया गया की कार्य प्रगति पर है।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्देशित किया की अस्सी नदी के किनारे के रेवेन्यू मैप नगर निगम द्वारा प्रदान किया जायेगा तथा सम्बंधित कार्य से जुड़े विभाग आईआईटी (बीएचयू) को सहयोग प्रदान करें। बता दें कि अस्सी नदी का जीर्णोद्वार कार्य बीएचयू आईआईटी द्वारा कराया जा रहा हैं। बैठक के दौरान वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर नगर (नगर निगम) आयुक्त राजीव राय, अधिशासी अभियन्ता नगर निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता जलकल, प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड, अधीक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधिशासी अभियन्ता अरविन्द्र शर्मा, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त राजीव राय सहित अन्य रहे मौजूद